डिग्री कॉलेज चौकीमन्यार में केंद्र सरकार एवं हि.प्र.सरकार द्वारा प्रायोजित छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी

सवेरा न्यूज/अश्वनी भाटिया

जोल, 15 नवम्बरः राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में केंद्र सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस छात्रवृत्ति कार्यशाला में महाविद्यालय के छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी डॉ रामकुमार नेगी की अध्यक्षता में आरंभ हुआ। नेगी ने इस अवसर पर महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आई0आर0डी0पी एवं बीपीएल से संबंध रखने वाले विद्यार्थी तथा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु छात्रों द्वारा दाखिल की गई, पंजीकरण आवेदनों में पाई गई विसंगतियों पर पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और इन विसंगतियों को दूर करने हेतु समाधान संबंधी उचित दिशा निर्देश छात्रों को जारी किया गया। इस विशेष कार्यशाला के सफल संचालन में महाविद्यालय के छात्रवृत्ति समिति के सदस्य प्रो0 कविता कौशल, डॉ राम सिंह, प्रो नवीन शर्मा सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।